स.वी.12025/15/2024-डीइ (पीटी)
भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
(दंत चिकित्सा शिक्षा अनुभाग)

निर्माण भवन, नई दिल्ली,
दिनांक 22 अप्रैल, 2024

शुद्धिपत्र

राष्ट्रीय दंत आयोग में विभिन्न पदों को भरने के लिए दिनांक 23.03.2024 को रोजगार समाचार में प्रकाशित दिनांक 14.03.2024 के समसंख्यक रिक्ति परिपत्र में आंशिक संशोधन करते हुए, यह सूचित किया जाता है कि धारा 4 की उप-धारा (4) के खंड (क) के तहत अध्यक्ष (राष्ट्रीय दंत आयोग), अंशकालिक सदस्य, अध्यक्ष (स्नातक और स्नातकोत्तर दंत चिकित्सा शिक्षा बोर्ड), अध्यक्ष (दंत मूल्यांकन और रेटिंग बोर्ड), अध्यक्ष (नैतिकता और दंत चिकित्सा पंजीकरण), पूर्णकालिक सदस्य (स्नातक और स्नातकोत्तर दंत चिकित्सा शिक्षा बोर्ड), पूर्णकालिक सदस्य (दंत मूल्यांकन और रेटिंग बोर्ड), पूर्णकालिक सदस्य (नैतिकता और दंत चिकित्सा पंजीकरण) के पदों को भरने के लिए ऊपरी आयु सीमा 66 वर्ष और अंशकालिक सदस्य (स्नातक और स्नातकोत्तर दंत चिकित्सा शिक्षा बोर्ड), अंशकालिक सदस्य (दंत मूल्यांकन और रेटिंग बोर्ड), अंशकालिक सदस्य (नैतिकता और दंत पंजीकरण) के पदों के लिए 68 वर्ष पढ़ा जाए।

2. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि इस शुद्धिपत्र के रोजगार समाचार में प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों की अवधि के लिए और बढ़ायी जा रही है। सभी प्रकार से पूर्णतः भरा हुआ विहित आवेदन प्रपत्र "अवर सचिव (दंत चिकित्सा), कमरा नंबर 501 'डी' विंग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन नई दिल्ली-110011 को या ईमेल dentaledu-mohfw@gov.in द्वारा भेजा जाना चाहिए।

(अमित कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 011-23061521

cbc 17101/11/0001/2425